# मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम
**Headquarters, Employees' State Insurance Corporation**
**पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002**
**Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002**

संख्या : ई-13/12/15/2019-जनसंपर्क     दिनांक : 07.09.2020

## प्रेस प्रकाशनी

### क.रा.बी. निगम अस्पताल तथा औषधालय, नोएडा में अभिकथित अनुचित सेवाओं की सूचना पर स्पष्टीकरण

यह कुछ समाचार-पत्रों में प्रकाशित उस समाचार के प्रत्युत्तर में है जो क.रा.बी. बीमाकृत व्यक्ति तथा उनके लाभार्थियों को क.रा.बी. निगम अस्पताल तथा औषधालय, नोएडा में उचित उपचार प्राप्त नहीं होने से संबंधित है।

इस संबंध में, यह स्पष्ट किया जाता है कि क.रा.बी. निगम अस्पताल, नोएडा बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके लाभार्थियों को चिकित्सा देखरेख तथा सभी प्रकार के उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। यह संगत आंकड़ें (डाटा) से भी सिद्ध होता है, जो दर्शाता है कि कोविड-19 की विश्वव्यापी महामारी के दौरान क.रा.बी.निगम अस्पताल चिकित्सा देखरेख प्रदान करने में सराहनीय कार्य किया है।

क.रा.बी. निगम अस्पताल, नोएडा ने अप्रैल, 2020 से करीब 68,000 रोगियों का उपचार किया है तथा सेक्टर-12, सेक्टर-57, एनईपीजेड तथा ग्रेटर नोएडा स्थित सभी चार औषधालयों ने इस अवधि के दौरान 01 लाख से अधिक बीमाकृत व्यक्तियों तथा लाभार्थियों का उपचार किया है। इसके अतिरिक्त जून, 2020 से क.रा.बी. निगम अस्पताल में कोविड-19 रोगियों का उपचार आरंभ किया गया है तथा इस संबंध में 100 बिस्तर प्रचालन में हैं। अस्पताल आने वाले रोगियों को दवाइयां अस्पताल की नवस्थापित अंतरंग फार्मेसी से वितरित की जाती है।

नोएडा के बीमाकृत व्यक्तियों को उप क्षेत्रीय कार्यालय, नोएडा नकद हितलाभ भी प्रदान कर रहा है तथा इस प्रकार कोविड महामारी के इस कठिन समय के दौरान उनकी कठिनाइयों को कम करने में सहायता प्रदान कर रहा है। अप्रैल, 2020 से नकद हितलाभ के संबंध में 8.5 करोड़ रुपये की राशि के कुल 25829 भुगतान किए गए।

सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, क.रा.बी. निगम अस्पताल कोविड-19 संकट के विरुद्ध युद्ध में शामिल हो गए हैं। क.रा.बी. निगम के प्रयासों की सराहना की गई है और इसकी चिकित्सा सेवाओं की अवसंरचना को सभी कोविड-19 रोगियों के लिए भी खोल दिया गया है जिसमें सामान्य जनता भी शामिल है। अभी तक, देशभर में लगभग 2600 आइसोलेशन बिस्तरों और लगभग 1350 क्वारंटाइन बिस्तरों सहित 23 क.रा.बी. निगम अस्पताल कोविड-19 समर्पित अस्पतालों के रूप में कार्य कर रहे हैं। उपर्युक्त के अतिरिक्त, देशभर में अधिकतर शेष क.रा.बी. निगम अस्पतालों में लगभग 961 कोविड आइसोलेशन बिस्तर उपलब्ध है, इस प्रकार विभिन्न क.रा.बी. निगम अस्पतालों में कुल 3597 कोविड आइसोलेशन बिस्तर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त इन अस्पतालों में 213 वेंटिलेटरों सहित कुल 555 आइसीयू/एचडीयू बिस्तर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

इस कठिन परीक्षा की घड़ी में, जब संपूर्ण देश इस महामारी से लड़ने हेतु प्रतिबद्ध है, चिकित्सीय और परा-चिकित्सीय वर्ग वास्तविक योद्धा है और कोविड-19 के इस कष्टकारी प्रयासों से जीवन बचाने हेतु अपनी ड्यूटी से परे भी कार्य कर रहे हैं।

यद्यपि मीडिया की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता, तथापि क.रा.बी. निगम परीक्षा की इस घड़ी में उनके सहयोग और सहिष्णुता के लिए अनुरोध करता है।

************